कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/22432/उत्सव/2014–17/ दिनांक : 22.11.19

समस्त मुख्य जिला शिक्षा, अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान

विषय :– गांधी विचार संस्कार परीक्षा के आयोजन के संबंध में ।

प्रसंग :–सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर का पत्रांक : परीक्षा–1/सैल–7/एसपीएल–3 दिनांकः 21.11.2019 एवं शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग का पत्रांक : पं. 24(19)/शिक्षा–6/2018 दिनांक : 21.11.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसांगिक पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सार्द्ध शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, उनके विचारों एवं दर्शन का विद्यार्थियों में बीजारोपण करने एवं आदर्श नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से, गांधी विचार संस्कार परीक्षा का आयोजन दो स्तरों (विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर) पर होना है। परीक्षा का आयोजन, प्रथम स्तर पर प्रत्येक राजकीय विद्यालय में विद्यालय स्तर पर दिनांक 28.11.2019 को तथा द्वितीय स्तर पर प्रत्येक जिले में चयनित परीक्षा केन्द्रों पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा दिनांक 19.12.2019 पूर्ण स्वराज घोषणा दिवस पर कराया जाना है। परीक्षा कार्य योजना अनुसार परीक्षा हेतु राज्य के सभी राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों द्वारा निम्नांकित कार्यवाही की जानी है :–

1 प्रथम स्तर की विद्यालय में होने वाली गांधी विचार संस्कार परीक्षा दिनांक 28.11.2019 को सभी राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित की जानी है, जिसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध सभी राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 तथा 11 के विद्यार्थी भाग लेंगे। अतः तद्नुरूप विद्यालय के अन्य गतिविधियों का प्रबन्धन करावें।

2 इस परीक्षा में प्रश्नों का चयन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आत्मकथा "सत्य के साथ मेरे प्रयोग" नामक पुस्तक से किया जाना है। विद्यालय में उक्त पुस्तक का पुस्तकालय में होना सुनिश्चित किया जावें।

3 यह परीक्षा लिखित परीक्षा होगी, जिसमें 60 बहु–वैकल्पिक प्रश्न होंगे। इस परीक्षा का आयोजन, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक (60 मिनट) के समय में शिक्षकों की देखरेख में किया जाये ।

4 राजकीय विद्यालय में इस हेतु बहु–वैकल्पिक 60 प्रश्नों के प्रश्न पत्र का निर्माण विद्यालय के इस विषय के विज्ञ शिक्षक के माध्यम से कराया जाये । प्रश्न पत्रों का निर्माण परीक्षा के दो दिवस पूर्व कराया जाकर उसे शिल्ड़ लिफाफे में सुरक्षित रखा जावे, जो परीक्षा से 10 मिनट पूर्व ही खोला जाएगा।

5 परीक्षा आयोजन के उपरांत आगामी दो दिवस में उत्तर पुस्तिका की जांच संबंधित विज्ञ शिक्षक द्वारा की जायेगी तथा संस्था प्रधान द्वारा रैण्डम रूप से प्रति पुष्टि की जायेगी। प्रत्येक राजकीय विद्यालय से कक्षावार सर्वोच्च अंक लाने वाले 10–10 विद्यार्थियो (कक्षा 9 के दस विद्यार्थी एवं कक्षा 11 के दस विद्यार्थी) का चयन जिला स्तरीय परीक्षा हेतु किया जाये। जिनकी सूची संस्था प्रधान द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को आगामी दिवस को उपलब्ध करानी होगी।

www.studywithrsm.com

Scanned by CamScanner

6 इस वर्ष की जिला स्तर की परीक्षा दिनांक 19.12.2019 पूर्ण स्वराज घोषणा दिवस को आयोजित होनी है तथा प्रत्येक जिले में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान, राज्य स्तरीय सम्मान समारोह दिनांक 12.03.2020 (दांडी मार्च दिवस) का किया जाएगा ।

7 राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रत्येक जिले के प्रथम तीन विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार – स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार– लेपटॉप, तथा तृतीय पुरस्कार साईकिल दिये जाएगें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले से प्रथम 100 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सात्वना पुरस्कार के रूप में विजेता मग दिया जाएगा। भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

8 विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाना है, राजकीय विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा निःशुल्क होगी जिसमें किसी प्रकार का मानदेय एवं अन्य भुगतान देय नहीं होगा।

अतः इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परीक्षा आयोजन एवं उससे संबंधित पूर्व तैयारी करवाना सुनिश्चित करावें। उक्त सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु :–

1 निजी सचिव, शासन सचिन, स्कूल शिक्षा राजस्थान, को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2 संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3 सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
4 समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को भेज कर निर्देशित किया जाता है कि वे संभाग के प्रत्येक विद्यालय में उक्त आयोजन होना सुनिश्चित करावें एवं इसका सतत् प्रबोधन करें।
5 समस्त जिला प्रभारी कार्यालय हाजा को निर्देशानुसार लेख है कि संबंधित ब्लॉक एवं जिला कार्यालयों से समन्वय कर उक्त परीक्षा आयोजन निर्धारित प्रक्रिया एवं समयबद्ध करवाना सुनिश्चित करें।
5 रक्षित पत्रावली।

www.studywithrsm.com

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Scanned by CamScanner